p>

Title: Issue regarding increasing incidents of attacks on doctors and health workers in the country.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): महोदय, आज देश में डाक्टरों पर जो हमले हो रहे हैं, वह विषय उठाने की आपने मुझे अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभारी हूं ।

अध्यक्ष जी, देश में कई जगहों पर, कई राज्यों में चाहे पश्चिम बंगाल हो, चाहे महाराष्ट्र हो या हरियाणा हो, सभी जगहों पर डाक्टरों पर हमले हो रहे हैं । अभी हाल ही में करनाल में एक डाक्टर पर जानलेवा हमला हुआ है । मैं आपके माध्यम से सरकार से गुजारिश करना चाहता हूं, क्योंकि डाक्टर भगवान का स्वरूप होता है और डाक्टर राउण्ड द क्लॉक ड्यूटी भी करता है ।

डॉक्टर्स दिवाली जैसे त्योहार में भी ड्यूटी पर आते हैं । मैं सरकार से गुज़ारिश करता हूं कि डॉक्टरों को संरक्षण दिया जाए और ऐसा कड़ा कानून बनाया जाए कि डॉक्टरों पर कोई हमला न करे । मैं डॉक्टरों से भी कहना चाहता हूं कि जो क्रिटिकल पेशेंट आते हैं, उनसे तालमेल करके बात करें, ताकि लोगों को भी समझ में आए ।